(c) Necessary arrangements have been made with the EEC that the commodities despatched from the European countries must be accompanied by a certificate stating that the consignment is free from radio-active contamination. Similarly, on arrival of commodities in India, arrangements have been made with the Bhabha Atomic Research Centre (BARC) and their environmental laboratories at the port towns in Bombay, Madras and Calcutta for testing of the samples for determination of radio-active residues from the shipments of the commodities received under Operation Flood from the EEC countries. Samples of Skim Milk Powder, butter oil, white butter are being sent to BARC by the IDC for testing and certificates obtained.

लारेंस रोड, नई दिल्ली में पार्क का विकास

2824. **डा० गोविन्द दास रिछारिया :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लारेंस रोड आवासीय क्षेत्र योजना, नई दिल्ली के अन्तर्गत पार्कों के विकास के लिये कितने ट्यूबवैल लगाये गये, यदि ऐसे ट्यूबवैल नहीं लगाये गये है तो उसके क्या कारण है ;

(ख) इस संबंध में मांगे गये टेण्डरों पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है और इस मामले में विलम्ब के लिये कौन जिम्मेदार है ;

(ग) प्राधिकरण द्वारा पार्कों की मरम्मत व ग्रिल लगाने का काम विशेषकर सी-2 ब्लाक में, अधूरा छोड़ दिये जाने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस कार्य के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) इस समय इस क्षेत्र में 3 नलकूप हैं। एक अतिरिक्त नलकूप के लिये निविदायें प्राप्त हो गई हैं जांच प्रक्रियाधीन है। प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय स्वीकृति एवं आवश्यक धनराशि प्राप्त होने पर ही यह कार्य दे दिया जायेगा।

(ग) और (घ) जबकि फरवरी, 1986 तक विद्यमान ब्लाक सी-2, लारेंस रोड में पार्कों की मरम्मत और ग्रिल लगने का काम पूरा किया जा चुका है फिर भी दिल्ली विकास प्राधिकरण जहां अपेक्षित होता है, दिन-प्रतिदिन मरम्मत का काम कर रहा है।

लारेंस रोड, नई दिल्ली में लघु सब्जी-मंडी का निर्माण

2825. **डा० गोविन्द दास रिछारिया :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्षेत्रीय विकास योजना के अन्तर्गत लारेंस रोड क्षेत्र नई दिल्ली के लिये स्वीकृत लघु सब्जी मंडी और सामुदायिक भवन आदि के निर्माण से संबंधित मामले में अब तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) इनके निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में अब तक की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) विपणन केन्द्र और लघु फल और सब्जी बाजार की विस्तृत योजनायें, अन्य आवश्यक सेवाओं और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के ब्यौरों सहित तैयार की जा रही है। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा विकास कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने की आशा है।

दिल्ली नगर कला आयोग की मंजूरी के पश्चात् ही सामुदायिक केन्द्र की आयो-